भिनाय

FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

बाजदायरी प्रार्थना स्वीकार 28/6/19

APP-A

Crim-1

बजे अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

श्रीमती न्याली देवी पत्नि स्व० श्री कालू जाति नाई, नि० ग्राम कुम्हारिया, तह० भिनाय (अजमेर) — बनाम — श्रीमती फारसी w/o श्री नन्दराम, जाति नाई, नि० ग्राम कुम्हारिया, तह० भिनाय (अजमेर) बोo

किस्म मुकदमा बाजदायरी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत O 41 R 19 सपठित धारा 151 cpc. नम्बर 217/2019 सन् 2019 (भिनाय

(ग्राम कुम्हारि

2019/00217.

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर श्री वकील मौहम्मद, एड० अपी० श्री	नम्बर व ता अहकाम जो हुक्म की ता जारी हुए
28/6/19	यह बाजदायरी प्रार्थना पत्र श्री वकील मौहम्मद एड़वोकेट ने न्यायालय हाजा द्वारा अपील को दिनांक 30.04.2019 को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने के विरूद्ध प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश किया गया। प्रार्थना पत्र मियाद बाहर पेश किया गया है जिसके समर्थन में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम एवं शपथ पत्र पेश किया गया। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर बाजदायरी प्रार्थना पत्र को अन्दर मियाद शुमार किया जाता है। तत्पश्चात प्रार्थना पत्र बाजदायरी पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी की बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित प्रार्थना पत्र बाजदायरी को स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर करना उचित समझते है। **अतः बाजदायरी प्रार्थना पत्र बाबत् प्रकरण पुनः नम्बर पर लिए जाने को स्वीकार किया जाता है एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।** राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	